प्रेस विज्ञप्ति
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

संख्या–cm-559
19/12/2016

पूर्व सांसद किशोरी सिन्हा के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की, राजकीय सम्मान के साथ होगा उनका अंतिम संस्कार

पटना, 19 दिसम्बर 2016 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्व सांसद किशोरी सिन्हा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राजकीय सम्मान के साथ होगा उनका अंतिम संस्कार।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक प्रख्यात राजनेत्री एवं प्रसिद्ध समाजसेवी थीं। उनके निधन से न केवल राजनीतिक बल्कि सामाजिक क्षेत्रों में भी अपूरणीय क्षति हुयी है। स्व0 किशोरी सिन्हा दो बार सांसद रह चुकी थीं।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों, अनुयायियों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******